भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
01.04.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 6196 का उत्तर

वापी रेलवे स्टेशन का विकास

6196. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बावजूद वापी स्टेशन का पूर्ण विकास नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यात्रियों की बढ़ती संख्या और औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए यहां लंबी दूरी की रेलगाड़ियों के अतिरिक्त ठहराव का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान वापी स्टेशन पर ठहराव दी नई रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है और वर्तमान में कौन-कौन से प्रस्ताव विचाराधीन हैं;

(घ) क्या सरकार के पास अमृत भारत स्टेशन योजना/अन्य साधनों के माध्यम से उक्त रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म विस्तार, एस्केलेटर, लिफ्ट पार्किंग और साफ-सफाई जैसी सुविधाओं का उन्नयन करने के लिए कोई कार्ययोजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या वापी-दमन औद्योगिक क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए वापी को एक प्रमुख क्षेत्रीय रेलवे केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए कोई विशेष बजटीय प्रावधान/योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): गुजरात में स्थित वापी स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, प्लेटफार्म शेल्टर, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, मूत्रालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पैदल पार पुल आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

वापी स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए चिन्हित किया गया है। वापी स्टेशन पर विकास कार्यों को तीव्र गति से शुरू किया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 और प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर के विस्तार, वातानुकूलित प्रतीक्षालय में नया शौचालय ब्लॉक, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग,

पुराने पैदल पार पुल को हटाने का कार्य पूरा हो गया है। 12 मीटर के पैदल पार पुल का कार्य शुरू कर दिया गया है।

इसके अलावा, प्लेटफॉर्म, एस्केलेटर, लिफ्ट, पार्किंग आदि जैसी यात्री सुविधाओं का प्रावधान सहित भारतीय रेल में स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण निरन्तर और सतत प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों को पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन, आवश्यकतानुसार किया जाता है। स्टेशनों के विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण के कार्य स्टेशन की कोटि/स्थिति/संभाले जाने वाला यातायात आदि के आधार पर शुरू किए जाते हैं।

रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है।

इस योजना में रेलवे स्टेशनों में सुधार लाने के लिए मास्टर योजना तैयार करना और उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन शामिल हैं। इस मास्टर योजना में निम्नानुसार शामिल हैं:

- स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार
- स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण
- स्टेशन भवन में सुधार
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पेयजल बूथों में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप अधिक चौड़े ऊपरी पैदल पुल/एयर कॉनकोर्स की व्यवस्था
- लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ियों/रैंप की व्यवस्था
- प्लेटफॉर्म की सतह और प्लेटफॉर्म पर कवर में सुधार/व्यवस्था
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की व्यवस्था
- पार्किंग क्षेत्र, मल्टी-मोडाल एकीकरण
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को देखते हुए एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, भूसुदर्शनीकरण आदि प्रावधान

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध और व्यवहार्य रूप से दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित रेलपथ की व्यवस्था आदि और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 1338 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिनमें 87 स्टेशन गुजरात में स्थित हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गुजरात राज्य में विकास के लिए चिह्नित किए गए स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
गुजरात	87	अहमदाबाद, आनंद, अंकलेश्वर, असारवा, बारडोली, भचाऊ, भक्तिनगर, भंवड़, भरूच, भाटिया, भावनगर, भेस्तान, भीलडी, बिलिमोरा (एनजी), बिलिमोरा जंक्शन, बोटाड जंक्शन, चांदलोडिया, चोरवाड़ रोड, डभोई जंक्शन, दाहोद, डाकोर, देरोल, धांगधारा, द्वारका, गांधीधाम, गोधरा जंक्शन, गोंडल, हापा, हिम्मतनगर, जाम जोधपुर, जामनगर, जामवंतली, जूनागढ़, कलोल, कानालुस जंक्शन, करमसद, केशोद, खंभालिया, किम, कोसंबा जंक्शन, लखतर, लींबडी, लिमखेड़ा, महमदाबाद और खेड़ा रोड, महेसाणा, महुवा, मणिनगर, मीठापुर, मियागाम कर्जन, मोरबी, नडियाद, नवसारी, न्यू भुज, ओखा, पदधारी, पालनपुर, पलिताना, पाटन, पोरबंदर, प्रतापनगर, राजकोट, राजुला जंक्शन, साबरमती (बीजी) साबरमती (एमजी), सचिन, सामाख्याली, सनजन, सावरकुंडला, सायन, सिद्धपुर, सिहोर जं., सोमनाथ, सोनगढ़, सूरत, सुरेंद्रनगर, थान, उधना, उदवाड़ा, अंबरगांव रोड, उंझा, उत्राण, वडोदरा, वापी, वटवा, वेरावल, वीरमगाम, विश्वामित्री जं., वांकानेर

<u>पूर्ण किए गए स्टेशन</u>:

गुजरात में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य अच्छी गति से शुरू किए गए हैं। गुजरात में पूर्ण किए गए स्टेशनों का विवरण नीचे दिया गया हैः

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
गुजरात	21	डाकोर, डरोल, गोधरा जं., हापा, जाम जोधपुर, जामवंतली, कानालुस जंक्शन जं., करमसद, खंभालिया, कोसाम्बा जं., लींबडी,, महुवा, मिठापुर, मोरबी, ओखा, पलिताना, पोरबंदर, राजुला जं., सामाख्याली, सिहोर जं., उत्राण

अन्य स्टेशनों को विकसित किए जाने के लिए गतिविधियों को भी अच्छी गति से शुरू किया गया है और कुछ स्टेशनों की प्रगति नीचे दी गई हैः

- **असारवा स्टेशन: नए स्टेशन भवन, प्रांगण, नए प्रतीक्षा कक्ष, बुकिंग काउंटर और शौचालय ब्लॉक का कार्य पूरा हो चुका है। नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, दिव्यांगजनों हेतु सुविधाओं और कॉनकोर्स के परिष्करण का कार्य शुरू किया गया है।**

- **भेस्तान स्टेशन: स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह को ऊँचा करना, स्टेशन विस्तार और सतह का कार्य, परिचलन क्षेत्र और 12 मीटर पैदल पार पुल का कार्य किया गया है।**

- **दाहोद स्टेशन: स्टेशन भवन, प्रांगण, प्लेटफार्म नंबर 1 की प्लेटफार्म सतह, बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय, प्रतीक्षा कक्ष, पे एंड यूज शौचालय, परिचलन क्षेत्र, प्रवेश/निकास द्वार और संकेतक में सुधार के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। 12 मीटर ऊपरी पैदल पुल का कार्य शुरू किया गया है।**

- **हिम्मतनगर स्टेशन: नए स्टेशन भवन, मौजूदा स्टेशन भवन का सुधार, पेयजल बूथ, शौचालय, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग और 12 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल का कार्य शुरू किया गया है।**

- **लिमखेड़ा स्टेशन: नए स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को ऊंचा करने, प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार, प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2/3 पर शौचालय, परिचलन क्षेत्र में सुधार और प्रवेश/निकास द्वार का काम पूरा हो चुका है। संकेतक और 6 मीटर ऊपरी पैदल पुल का काम शुरू किया गया है।**

स्टेशनों का विकास/उन्नयन जटिल प्रकृति का होता है जिसमें यात्रियों और रेलगाड़ियों की संरक्षा शामिल है और इसके लिए दमकल विभाग, धरोहर, पेड़ों की कटाई, विमानपत्तन संबंधी स्वीकृति इत्यादि जैसी विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों की आवश्यकता होती है। इनकी प्रगति जनोपयोगी सेवाओं को स्थानांतरित करना, (जिनमें जल/सीवेज लाइन, ऑप्टिकल फाइबर केबल, गैस पाइप लाइन, पावर/सिगनल केबल इत्यादि शामिल हैं), अतिलंघन, यात्री संचलन को बाधित किए बिना रेलगाड़ियों का परिचालन, रेलपथ एवं उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट सान्निध्य में किए जाने वाले कार्यों के कारण गति प्रतिबंध आदि जैसी ब्राउन फील्ड संबंधी चुनौतियों के कारण भी प्रभावित होती है और ये कारक कार्य के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

सामान्यतः अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों के विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण के कार्य योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएँ' के अंतर्गत वित्तपोषित किए जाते हैं। योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत आवंटन का विवरण क्षेत्रीय रेलवे-वार रखा जाता है और न कि कार्य-वार, स्टेशन-वार या राज्य-वार।

गुजरात दो रेलवे जोन, उत्तर पश्चिम रेलवे और पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। इन क्षेत्रीय रेलों के लिए, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,081 करोड़ रुपए (संशोधित अनुमान) का आवंटन किया गया है, जिसमें से अब तक 2,089 करोड़ रुपए (फरवरी, 2026 तक) का व्यय उपगत किया गया है।

रेलगाड़ी सेवाएं

वापी के यात्रियों की सुविधा के लिए हाल के वर्षों में वापी स्टेशन पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों के ठहराव प्रदान किए गए हैं:

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम	वापी पर ठहराव
1	20901 / 20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदेभारत एक्सप्रेस	26.10.2022
2	22961 / 22962 मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदेभारत एक्सप्रेस	13.03.2024
3	14807 / 14808 जोधपुर-दादर एक्सप्रेस	27.09.2022
4	20475 / 20476 बीकानेर-मिराज एक्सप्रेस	05.06.2023
5	19203 / 19204 वेरावल-बांद्रा (टी)	27.10.2023
6	12997 / 12998 बांद्रा (टी)-बाड़मेर हमसफर एक्सप्रेस	03.01.2024
7	21901 / 21902 बांद्रा (टी)-बाड़मेर हमसफर एक्सप्रेस	05.01.2024
8	22543 / 22544 बांद्रा (टी)-लालकुआं एक्सप्रेस	21.10.2024
9	20495 / 20496 जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस	05.05.2025
10	21903/21904 बांद्रा (टी)-बीकानेर	26.05.2025
11	12479 / 12480 जोधपुर-बांद्रा (टी) सूर्यनगरी एक्सप्रेस	25.07.2022
12	19091 / 19092 बांद्रा (टी)-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस	25.07.2022
13	19003 / 19004 दादर-भुसावल खानदेश एक्सप्रेस	05.11.2023

तदनुसार, वापी को वर्तमान में निम्नलिखित 198 गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है:

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
1	11049 अहमदाबाद-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर एक्सप्रेस
2	11050 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस
3	11087 वेरावल-पुणे एक्सप्रेस

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
4	11088 पुणे-वेरावल एक्सप्रेस
5	11089 भगत की कोठी-पुणे एक्सप्रेस
6	11090 पुणे- भगत की कोठी एक्सप्रेस
7	11091 भुज-पुणे एक्सप्रेस
8	11092 पुणे-भुज एक्सप्रेस
9	12009 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस
10	12010 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल शताब्दी एक्सप्रेस
11	12471 बांद्रा (टी)-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्वराज एक्सप्रेस
12	12472 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बांद्रा (टी) स्वराज एक्सप्रेस
13	12479 जोधपुर-बांद्रा (टी) सूर्यनगरी एक्सप्रेस
14	12480 बांद्रा (टी)-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस
15	12489 श्री गंगानगर-दादर एक्सप्रेस
16	12490 दादर-श्री गंगानगर एक्सप्रेस
17	12493 मिराज-हजरत निजामुद्दीन दर्शन एक्सप्रेस
18	12494 हजरत निजामुद्दीन-मीराज दर्शन एक्सप्रेस
19	12921 मुंबई सेंट्रल-सूरत फ्लाइंग रानी एक्सप्रेस
20	12922 सूरत-मुंबई सेंट्रल फ्लाइंग रानी एक्सप्रेस
21	12925 बांद्रा (टी)-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस
22	12926 अमृतसर-बांद्रा (टी) पश्चिम एक्सप्रेस
23	12931 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद एक्सप्रेस
24	12932 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस
25	12933 बांद्रा (टी)-वटवा कर्णावती एक्सप्रेस
26	12934 अहमदाबाद-बांद्रा (टी) कर्णावती एक्सप्रेस
27	12935 बांद्रा (टी)-सूरत एक्सप्रेस
28	12936 सूरत-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
29	12953 मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस
30	12954 हजरत निजामुद्दीन-मुंबई सेंट्रल राजधानी एक्सप्रेस

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
31	12955 मुंबई सेंट्रल-जयपुर एक्सप्रेस
32	12956 जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस
33	12961 मुंबई सेंट्रल - इंदौर अवंतिका एक्सप्रेस
34	12962 इंदौर-मुंबई सेंट्रल अवंतिका एक्सप्रेस
35	12971 बांद्रा (टी)-भावनगर एक्सप्रेस
36	12972 भावनगर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
37	12977 एर्नाकुलम-अजमेर मरू सागर एक्सप्रेस
38	12978 अजमेर-एर्नाकुलम मरु सागर एक्सप्रेस
39	12979 बांद्रा (टी)-जयपुर एक्सप्रेस
40	12980 जयपुर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
41	12995 बांद्रा (टी)-अजमेर एक्सप्रेस
42	12996 अजमेर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
43	12997 बांद्रा (टी)-बाड़मेर हमसफर एक्सप्रेस
44	12998 बाड़मेर-बांद्रा (टी) हमसफर एक्सप्रेस
45	14701 श्री गंगानगर-बांद्रा (टी) अमरापुर अरावली एक्सप्रेस
46	14702 बांद्रा (टी)-श्री गंगानगर अमरापुर अरावली एक्सप्रेस
47	14707 हनुमानगढ़-दादर रणकपुर एक्सप्रेस
48	14708 दादर-हनुमानगढ़ रणकपुर एक्सप्रेस
49	14805 यशवंतपुर-बाड़मेर एक्सप्रेस
50	14806 बाड़मेर- यशवंतपुर एक्सप्रेस
51	14807 जोधपुर-दादर एक्सप्रेस
52	14808 दादर-जोधपुर एक्सप्रेस
53	15067 गोरखपुर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
54	15068 बांद्रा (टी)-गोरखपुर एक्सप्रेस
55	16209 अजमेर-मैसूर एक्सप्रेस
56	16210 मैसूर-अजमेर एक्सप्रेस
57	16311 श्री गंगानगर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
58	16312 नॉर्थ तिरुवनंतपुरम -श्री गंगानगर एक्सप्रेस
59	16333 वेरावल-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल एक्सप्रेस
60	16334 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-वेरावल एक्सप्रेस
61	16335 गांधीधाम-नागरकोइल एक्सप्रेस
62	16336 नागरकोइल-गांधीधाम एक्सप्रेस
63	16531 अजमेर-केएसआर बेंगलुरु गरीब नवाज एक्सप्रेस
64	16532 केएसआर बेंगलुरु-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस
65	16587 यशवंतपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
66	16588 बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस
67	19001 विरार-सूरत एक्सप्रेस
68	19002 सूरत-विरार एक्सप्रेस
69	19003 दादर-भुसावल खानदेश एक्सप्रेस
70	19004 भुसावल-दादर खानदेश एक्सप्रेस
71	19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस
72	19016 पोरबंदर-दादर सौराष्ट्र एक्सप्रेस
73	19019 बांद्रा (टी)-हरिद्वार देहरादून एक्सप्रेस
74	19020 हरिद्वार-बांद्रा (टी) देहरादून एक्सप्रेस
75	19027 बांद्रा (टी)-जम्मू तवी विवेक एक्सप्रेस
76	19028 जम्मू तवी-बांद्रा (टी) विवेक एक्सप्रेस
77	19037 बांद्रा (टी)-बरौनी अवध एक्सप्रेस
78	19038 बरौनी-बांद्रा (टी) अवध एक्सप्रेस
79	19091 बांद्रा (टी)-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस
80	19092 गोरखपुर-बांद्रा (टी) हमसफर एक्सप्रेस
81	19101 विरार-भरूच एक्सप्रेस
82	19102 सूरत-विरार एक्सप्रेस
83	19203 बांद्रा (टी)-वेरावल एक्सप्रेस
84	19204 वेरावल-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
85	19217 बांद्रा (टी)-वेरावल एक्सप्रेस
86	19218 वेरावल-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
87	19417 बोरीवली-वटवा एक्सप्रेस
88	19418 अहमदाबाद-बोरीवली एक्सप्रेस
89	19425 बोरीवली-नंदुरबार एक्सप्रेस
90	19426 नंदुरबार-बोरीवली एक्सप्रेस
91	19567 तूतीकोरिन-ओखा विवेक एक्सप्रेस
92	19568 ओखा-तूतीकोरिन विवेक एक्सप्रेस
93	19577 तिरुनेलवेली-जामनगर एक्सप्रेस
94	19578 जामनगर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
95	20475 बीकानेर-मिराज एक्सप्रेस
96	20476 मिराज-बीकानेर एक्सप्रेस
97	20483 भगत की कोठी-दादर एक्सप्रेस
98	20484 दादर- भगत की कोठी एक्सप्रेस
99	20495 जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस
100	20496 हडपसर-जोधपुर एक्सप्रेस
101	20693 जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
102	20694 केएसआर बेंगलुरु-जोधपुर एक्सप्रेस
103	20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस
104	20902 गांधीनगर कैपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
105	20907 दादर-भुज एक्सप्रेस
106	20908 भुज-दादर एक्सप्रेस
107	20919 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-एकता नगर एक्सप्रेस
108	20920 एकता नगर-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस
109	20921 बांद्रा (टी)-लखनऊ एक्सप्रेस
110	20922 लखनऊ-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
111	20931 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ -इंदौर एक्सप्रेस

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
112	20932 इंदौर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
113	20941 बांद्रा (टी)-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस
114	20942 गाजीपुर सिटी-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
115	20943 बांद्रा (टी)- भगत की कोठी हमसफर एक्सप्रेस
116	20944 भगत की कोठी-बांद्रा (टी) हमसफर एक्सप्रेस
117	20953 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-अहमदाबाद एक्सप्रेस
118	20954 अहमदाबाद-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस
119	20967 सिकंदराबाद-पोरबंदर एक्सप्रेस
120	20968 पोरबंदर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
121	21901 बांद्रा (टी)-बाड़मेर हमसफर एक्सप्रेस
122	21902 बाड़मेर-बांद्रा (टी) हमसफर एक्सप्रेस
123	21903 बांद्रा (टी)-बीकानेर एक्सप्रेस
124	21904 बीकानेर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
125	22185 अहमदाबाद-पुणे अहिंसा एक्सप्रेस
126	22186 पुणे-अहमदाबाद अहिंसा एक्सप्रेस
127	22193 दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस
128	22194 ग्वालियर-दौंड एक्सप्रेस
129	22195 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी- बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
130	22196 बांद्रा (टी)-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एक्सप्रेस
131	22443 कानपुर सेंट्रल-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
132	22444 बांद्रा (टी)-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस
133	22475 हिसार-कोयंबटूर एक्सप्रेस
134	22476 कोयंबटूर-हिसार एक्सप्रेस
135	22543 बांद्रा (टी)-लालकुआं एक्सप्रेस
136	22544 लालकुआं-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
137	22653 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल - हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस
138	22654 हजरत निजामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल एक्सप्रेस

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
139	22655 एर्नाकुलम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस
140	22656 हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस
141	22717 राजकोट-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
142	22718 सिकंदराबाद-राजकोट एक्सप्रेस
143	22907 मडगांव-हापा एक्सप्रेस
144	22908 हापा-मडगांव एक्सप्रेस
145	22913 बांद्रा (टी)-सहरसा हमसफर एक्सप्रेस
146	22914 सहरसा-बांद्रा (टी) हमसफर एक्सप्रेस
147	22915 बांद्रा (टी)- हिसार एक्सप्रेस
148	22916 हिसार-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
149	22917 बांद्रा (टी)-हरिद्वार एक्सप्रेस
150	22918 हरिद्वार-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
151	22921 बांद्रा (टी)-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस
152	22922 गोरखपुर-बांद्रा (टी) अंत्योदय एक्सप्रेस
153	22923 बांद्रा (टी)-जामनगर एक्सप्रेस
154	22924 जामनगर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
155	22927 बांद्रा (टी)-अहमदाबाद लोक शक्ति एक्सप्रेस
156	22928 अहमदाबाद-बांद्रा (टी) लोक शक्ति एक्सप्रेस
157	22929 दहानू रोड-वडोदरा एक्सप्रेस
158	22930 वडोदरा-दहानू रोड एक्सप्रेस
159	22931 बांद्रा (टी)-जैसलमेर एक्सप्रेस
160	22932 जैसलमेर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
161	22933 बांद्रा (टी)-जयपुर एक्सप्रेस
162	22934 जयपुर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
163	22935 बांद्रा (टी)-पालिताना एक्सप्रेस
164	22936 पालीताना-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
165	22945 मुंबई सेंट्रल-ओखा सौराष्ट्र मेल

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
166	22946 ओखा-मुंबई सेंट्रल सौराष्ट्र मेल
167	22949 बांद्रा (टी)-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस
168	22950 दिल्ली सराय रोहिल्ला- बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
169	22951 बांद्रा (टी)-गांधीधाम एक्सप्रेस
170	22952 गांधीधाम-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
171	22953 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद गुजरात एक्सप्रेस
172	22954 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल गुजरात एक्सप्रेस
173	22955 बांद्रा (टी)-भुज कच्छ एक्सप्रेस
174	22956 भुज-बांद्रा (टी) कच्छ एक्सप्रेस
175	22961 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
176	22962 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
177	22963 बांद्रा (टी)-भावनगर एक्सप्रेस
178	22964 भावनगर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
179	22971 बांद्रा (टी)-पटना एक्सप्रेस
180	22972 पटना-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
181	22975 बांद्रा (टी)-रामनगर एक्सप्रेस
182	22976 रामनगर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
183	22989 बांद्रा (टी)-महूवा एक्सप्रेस
184	22990 महुवा-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
185	59023 मुंबई सेंट्रल-वलसाड पैसेंजर
186	59024 वलसाड-मुंबई सेंट्रल पैसेंजर
187	59039 विरार-वलसाड पैसेंजर
188	59040 वापी-मुंबई सेंट्रल पैसेंजर
189	59045 मुंबई सेंट्रल-वापी पैसेंजर
190	59046 वलसाड-विरार पैसेंजर
191	69139 बोरीवली-वलसाड पैसेंजर
192	69140 सूरत-विरार पैसेंजर

क्र.सं	गाड़ी सं. और नाम
193	69141 विरार-सुरत पैसेंजर
194	69142 सूरत-विरार पैसेंजर
195	69153 उमरगाम रोड-वलसाड पैसेंजर
196	69154 वलसाड - उमरगाम रोड पैसेंजर
197	82901 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद तेजस एक्सप्रेस
198	82902 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस

इसके अलावा, भारतीय रेल पर रेलगाड़ी सेवाओं को ठहराव देना जो एक सतत प्रक्रिया है, रेलखंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफ़ॉर्म लंबाई आदि जैसी सुमेलित अवसंरचना की उपलब्धता सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता पर निर्भर करता है।

*****